(d) if so, whether this amount was spent appropriately by the State Government ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER) : (a) and (b) Presumably, the Member is referring to the financial assistance given to States under Central Road Fund for the development of roads in Gujarat. Funds released to Gujarat State under Central Road Fund during the last two years and current year are as under :

| Year | Funds released (Rs. in lacs) |
|---|---|
| 1990-91 | 150.00 |
| 1991-92 | 60.00 |
| 1992-93 | 70.00 |

(c) and (d) The expenditure on approved works is initially incurred by the State Governmen: from their own Plan resources and it is reimbursed at the close of the year keeping in view the expenditure incurred by them on approved works and availability of funds. Since the funds under Central Road Fund form part of State Plan, the State Government is responsible for the monitoring of the utilisation of funds. Maintenance and repairs of State roads is the responsibility of the respective State Government.

### गुजरात में पुलों का निर्माण

3779. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात से गुजरने वाले राज-मार्गों पर 69 पुलों का निर्माण किए जाने की मंजूरी दी गई थी;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि केवल 64 पुलों का ही निर्माण-कार्य चल रहा था;

(ग) यदि हां, तो शेष 5 पुलों का निर्माण-कार्य आरम्भ न किए जाने के क्या कारण हैं और ये पुल किन-किन स्थानों पर बनाये जाने थे;

(घ) 64 पुलों के निर्माण-कार्य का कितने प्रतिशत भाग पूरा हो चुका है और इस सम्बन्ध में पुल-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या यह भी सच है कि 64 पुलों का निर्माण-कार्य निर्धारित समय से पीछे चल रहा है, यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)** : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) जी, नहीं । 30-9-1992 की स्थिति के अनुसार 69 संस्वीकृति पुलों में से 67 पुलों पर कार्य प्रगति पर था । शेष दो पुलों पर निर्माण-कार्य, निर्माण-पूर्व की औपचारिकताएं पूरी हो जाने के बाद शुरू किया जाएगा । ये पुल राष्ट्रीय राजमार्ग 8 के 357/0-2 और 374/0-2 कि० मी० पर हैं ।

(घ) अपेक्षित सूचना संलग्न विवरण में दी गई है । (नीचे देखिए) ।

(ङ) एक्सप्रसवे पर बने पुलों को छोड़कर शेष सभी पुलों पर कार्य निर्धारित कार्यक्रम से बहुत पीछे नहीं चल रहा है । एक्सप्रेसवे पर पुलों के कार्य की धीमी प्रगति मुख्य कारण ठेकेदारों का अल्प-कार्य निष्पादन होना है ।

**विवरण**

**30-9-92 की स्थिति के अनुसार गुजरात में चल रहे पुल-कार्यों की स्थिति**

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | पुलों की संख्या | वास्तविक प्रगति 09/92 |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | अहमदाबाद–वदोदरा एक्सप्रेसवे पर एन० ई० 1 पर 00 से 45.1 कि० मी० में बड़े पुलों का निर्माण. (ठेका I) | 7 | 26% |
| 2. | अहमदाबाद–वदोदरा एक्सप्रेसवे पर 45.1 से 92.8 कि० मी० में 3 बड़े पुलों का निर्माण (ठेका II) | 3 | 31% |
| 3. | अहमदाबाद–वदोदरा एक्सप्रेसवे पर 0 से 45.1 कि० मी० के बीच 12 ओवर ब्रिजों और 7 अंडर पासों का निर्माण (ठेका–III) | 19 | 94% |
| 4. | अहमदाबाद–वदोदरा एक्सप्रेसवे पर 45.1 से 92.8 कि०मी० के बीच 17 ओवर ब्रिजों और 4 अंडर पासों का निर्माण (ठेका IV) | 21 | 63% |
| 5. | एन० एच० 8 पर कनाई–खड़ी पर मौजूदा पुलों के स्थान पर 291/6–8 कि० मी० में बड़े पुलों का निर्माण | 1 | 50% |
| 6. | अहमदाबाद–वदोदरा एक्सप्रेसवे पर बदोदरा गाधरा ब्राडगेज रेलवे लाइन पर आर० ओ० वी० का निर्माण | 1 | 99% |
| 7. | अहमदाबाद–वदोदरा एक्सप्रेसवे पर आनंद गाधरा ब्राडगेज रेलवे लाइन पर आर० ओ० वी० का निर्माण। | 1 | 98% |
| 8. | एन० एच० 8 पर 140/2–4 कि० मी० में रंगव नदी पर पहुंच-मार्गों सहित दोहरी लेन के अतिरिक्त पुल का निर्माण । | 1 | 95% |
| 9. | एन० एच० 8 और एन० एच० 8–ए को जोड़ने वाली लिंक रोड के 4/0 से 6/0 कि० मी० के बीच साबरमती नदी पर 2 लेन के अतिरिक्त पुल का निर्माण। | 1 | 17% |
| 10. | एन० एच० 8 सी० पर 34/2–4 कि० मी० (सोला के समीप) में लेवल क्रासिंग के स्थान पर 4 लेन वाले आर० ओ० वी० का निर्माण । | 1 | 85% |
| 11. | एन० एच० 8 सी० पर खोडल्यार के समीप 24/8 से 25/0 पर लेवल क्रासिंग के स्थान पर पहुंच मार्गों सहित 4 लेन वाले आर० ओ० वी० का निर्माण । | 1 | 80% |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 12. | एन० एच० 8 ए० पर (संथाल के समीप) 13/0 से 14/0 कि० मी० पर लेवल क्रासिंग संख्या 32 वी० के स्थान पर पहुंचमार्गों सहित 4 लेन के आर० ओ० वी० का निर्माण । | 1 | 60% |
| 13. | एन० एच० 8 और 8 ए को जोड़ने वाले अहमदाबाद लिंक रोड के सी० एच० 1860 पर छोटे पुल को चौड़ा करके 4 लेन का बनाना। | 1 | 100% |
| 14. | एन० एच० 8 ए पर (सरखेज के समीप) 11 से 12 कि० मी० में मौजूदा लेवल क्रासिंग संख्या 29 बी के स्थान पर पहुंच मार्गों सहित 4 लेन वाले आर० ओ० वी० का निर्माण। | 1 | 60% |
| 15. | एन० एच० 8 पर 129/500–130/4–6 कि० मी० पर पर जम्बुवा नदी पर अतिरिक्त 2 लेन वाले पुल और इसके पहुंच मार्गों का निर्माण । | 1 | 27% |
| 16. | एन० एच० 8 बी०पर राजकोट–पोरबंदर रोड धोरजी बाई पास पर रलधारों नदी पर पुल का पुनर्निर्माण । | 1 | 60% |
| 17. | एन० एच० 8 पर अमलाखाडी नदी पर अतिरिक्त 2 लेन वाले पुल का निर्माण । | 1 | 5% |
| 18. | एन० एच० 8 पर 202/6 कि० मी० में अमरावती नदी पर दो लेन वाले अतिरिक्त पुल और इसके पहुंचमार्गों का निर्माण । | 1 | 5% |
| 19. | एन० एच० 8 बी पर धोरजी बाई पास पर (वामनवोर राजकोट पोरबंदर खण्ड) भादर नदी पर एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण । | 1 | 65% |
| 20. | एन० एच० 8 बी पर पोरबंदर–राजकोट–वामनवोर खंड पर छोटे पुल संख्या 2/60 (1/341) का पुनः निर्माण । | 1 | 90% |
| 21. | एन० एच० 8 बी पर 1/70 कि० मी० में गोमिता नाला पर पहुंचमार्गों सहित छोटे पुल का पुनर्निर्माण । | 1 | 80% |
| 22. | एन० एच० 8 पर 357/0–2 कि० मी० में कन्तोली खाड़ी पर पहुंच मार्गों सहित 2 लेन वाले पुल का पुनर्निर्माण । | 1 | एजेंसी |
| 23. | एन० एच० 8 पर 374/0–2 कि० मी० में सतनाला पुल का पुनर्निर्माण । | 1 | एजेंसी नियत |